





## आज का मैच

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू V/S चेन्नई सुपर किंग्स**

**समय -7.30 बजे से बेंगलुरू में**

## खास-खबर

### पैरा एथलीट कैल्कागिन ने पुरुषों की 100 मीटर टी72 में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**कोबे ( एजेंसी )।** इटली के पैरा एथलीट कार्लो फैबियो मार्सेलो कैल्कागिन ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 100 मीटर टी72 के फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां जापान के बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के 11वें संस्करण के पहले दिन फ्रेम-रनिंग एथलीट कैल्कागिन ने 15.39 सेकंड का समय दर्ज करते हुए मार्च में बनाए गए 15.80 सेकेंड के अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वहीं,ब्राजील के पैरा एथलीट येल्तसिन जैक्स ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी-11 फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत दर्ज की।



# अंतिम मैच में भी मुंबई को मिली हार, लखनऊ ने 18 रन से हराया

**मुम्बई ( एजेंसी )। प्लेयर ऑफ द मैच निकोलस पूरन ( 75 ) और कप्तान के एल राहुल ( 55 ) रनों की शानदार पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने शुक्रवार को आईपीएल ) के 67वें मैच में मुम्बई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया ।**

दोनों टीमों का यह अंतिम मैच था जिसमें लखनऊ जीत के सात 14 अंक लेकर छठे स्थान पर पहुंच गई, वहीं मुंबई की 14 मैचों में यह दसवीं हार थी। उसे तालिका में अंतिम स्थान मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की दमदार शुरुआत हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे रोहित शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस के बीच पहले विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी हुई, जिसे नवीन-उल-हक ने तोड़ा। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को नौवें ओवर में आउट किया। वह 20 गेंदों में 23 रन बना सके। इसके बाद सूर्या बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। वहीं, रोहित शर्मा 68 रन बनाने में कामयाब हुए। उन्होंने 10 चौके और तीन छक्के लगाए। हार्दिक पंड्या ने 16, नेहल वढेरा ने एक और ईशान किशन ने 14 रन बनाए। लखनऊ के खिलाफ नमन धीर ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने 26 गेंदों में तूफानी अर्धशतक लगाया। इस मैच में वह 62 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 221.42 के स्ट्राइक रेट से चार चौके और पांच छक्के लगाए। रोमारियो शेफर्ड एक रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई और नवीन-उलहक ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, क्रुणाल पंड्या और मोहसिन खान ने एक-एक विकेट हासिल किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 214 रन बनाए। उनकी शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। पहला झटका नुवान तुषारा ने एक रन के स्कोर पर दिया। देवदत्त पडिक्कल गोल्डन डक का शिकार हुए।



## स्कोर बोर्ड

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** राहुल कै. तुषारा बो. चावला 55, पड़िक्कल पगबाधा तुषारा 0, स्टोइनिस पगबाधा चावला 28, हुड्डा कै. वढेरा बो. चावला 11, पूरन कै. सूर्यकुमार बो. तुषारा 75, अरशद कै. वढेरा बो. तुषारा 0, बदोनी (नाबाद) 22, क्रुणाल (नाबाद)12, **अतिरिक्त**11, **कुल** (20 ओवर में) 6 विकेट पर 214 रन । **विकेट पतन:** 1-1,2-49, 3-69, 4-178, 5-178, 6-178 । **गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-28-3,अर्जुन तेंदुलकर 2.2-0-22-0, कंबोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, वढेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0,नमन 0.4-0-17-0, शेफ़र्ड 2-0-30-0 ।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित कै. मोहिसिन बो. बिश्नोई 68, ब्रेविस कै. क्रुणाल बो. नवीन 23, सूर्यकुमार कै. बिश्नोई बो. क्रुणाल 0, किशन बो. नवीन 14, हार्दिक कै. नवीन बो. मोहिसिन 16, वढेरा कै. क्रुणाल बो. बिश्नोई 1, नमन (नाबाद) 62, शेफ़र्ड (नाबाद) 1, **अतिरिक्त** 11, **कुल** (17 ओवर में) 6 विकेट पर 196 रन। **विकेट पतन:** 1-88, 2-89, 3-97,4-116,5-120,6-188 । **गेंदबाजी:** अरशद 2-0-11-0, हेनरी 2-0-24-0, क्रुणाल 4-0-29-1, मोहसिन 4-0-45-1, नवीन 4-0-50-1, बिश्नोई 4-0-37-2 ।

# आखिरी प्लेऑफ स्थान के मैच पर बारिश और तूफान का खतरा

**बेंगलुरू ( एजेंसी )।** लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) आईपीएल प्लेऑफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सामने होंगी। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। प्लेऑफ की चौथी टीम बनने के लिए जहां सीएसके को इस मैच में बस एक अंक हासिल करना है, वहीं आरसीबी के लिए एक निश्चित शर्त है। इस समय अंक तालिका में सीएसके चौथे जबकि आरसीबी छठे स्थान पर है। भारतीय मौसम विभाग ने 18 मई को मध्य बेंगलुरू के इलाके में 40-50किमी/घंटे की तेज रफ्तार की हवा, तूफान और भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। मैच की शुरुआत के समय शाम 7.30 बजे तापमान 23 डिग्री पर रहेगा, जबकि आसमान में 100 प्रतिशत बादल छाए रहेंगे। पिछले दो सप्ताह से शहर में लगातार बारिश हो रही है। गुरूवार रात भी चिन्नास्वामी स्टेडियम के इलाके में बारिश हुई, जो कि शुक्रवार सुबह भी जारी रहा। हालांकि यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम बहुत अच्छा है, जिससे बारिश थमने के 30 मिनट के भीतर ही खेल शुरू हो सकता है। अगर मैच धुल जाता है तो आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना भी धुल जाएगी। अगर वह पहले बल्लेबाजी करते हैं और 200 का स्कोर बनाते हैं तो उन्हें कम से कम 18 रनों की जीत दर्ज करनी होगी, वहीं लक्ष्य का पीछा करते वक्त उन्हें 11 गेंद पहले ही मैच जीतना होगा। इस सप्ताह दो मैच पहले ही बारिश के कारण धुल चुके हैं। हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं। आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है। आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्द्धशतक जड़ चुके हैं।



### मैच रद्द होने पर आरसीबी की उम्मीदें भी धुल जाएंगी, चौथी टीम बनेगी सीएसके

टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैच कार्यक्रम घोषित

# भारत का एक जून को बांग्लादेश से मैच




**दुबई ( एजेंसी )।** भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 विश्व कप का अभ्यास मैच टीबीसी अमेरिका में खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। विश्वकप से पहले कुल 17 टीमें टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, क्वींस पार्क ओवल और त्रिनिदाद और टोबैगो में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी। इसमें दक्षिण अफ्रीका भी शामिल है। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैम्पियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं। वहीं पाकिस्तान में पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलकर कीवी टीम आठ जून को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप का पहला मैच खेलेगी। अभ्यास मैचों को टी-20 का दर्जा हासिल नहीं है लिहाजा टीमें सभी 15 खिलाड़ियों को उतार सकती हैं। वेस्टइंडीज और आस्ट्रेलिया के बीच क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो में होने वाला मैच दर्शकों के लिये खुला होगा। टिकट राष्ट्रीय क्रिकेट सेंटर पर बने बॉक्स आफिस या टिकट्स डॉट टी-20 वर्ल्डकप डॉट कॉम से खरीदे जा सकेंगे।

## अभ्यास मैचों का कार्यक्रम

**27 मई को:** कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे। नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे। **28 मई को:** श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। बांग्लादेश बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे। **29 मई को:** दक्षिण अफ्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा 10:30 बजे अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 13:00 बजे। **30 मई को:** नेपाल बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 10:30 बजे। नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 15:00 बजे। नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे। वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे। **31 मई:** आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 10:30 बजे।

## हमें ओलंपिक से पहले मानसिक शांति की जरूरत : अंशु मलिक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा। सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल 'मानसिक शांति' की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था।

## फुटबॉल लीग क्लब मैच फिक्सिंग,टीम का कप्तान और दो खिलाड़ी गिरफ्तार

**सिडनी ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गयी। शुक्रवार को सभी तीनों खिलाड़ियों को आधिकारिक रूप से आरोपित किया गया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाविला 24 जून को अदालत में पेश होंगे। जांचकर्ताओं का आरोप है कि 24 नवंबर और नौ दिसंबर को खेले गये मैच के दौरान पीले कार्ड के लिए छेड़छाड़ की गयी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 20 अप्रैल और चार मई को मैच के दौरान भी इसी तरह के प्रयास किये गये जो सफल नहीं हो सके। फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने कहा कि उसे शुक्रवार को सुबह खिलाड़ियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी गयी थी और वह जांच में पूरा सहयोग कर रहे थे।

# विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया में अभ्यास करेंगी तीरंदाज दीपिका



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी। पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिये रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठायेगा। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिये भी वित्तीय सहायता मंजूर की है। इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली में एक सप्ताह अभ्यास को भी मंजूरी दे दी है। ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी की विजन एंड आई ट्रेनिंग कोच की गुजारिश भी मान ली गई है।

## वाडा ने परवीन हुड्डा को किया निलंबित,ओलंपिक में एक मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है। पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा कि उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा। रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल (आरटीपी) में शामिल खिलाड़ियों को रात रूकने पर अपना पूरा पता, नाम और हर ठिकाने का पूरा पता देना होता है जहां वे अभ्यास करते हैं, काम करते हैं या अन्य नियमित गतिविधियों में शामिल होते हैं। इसके अलावा उन्हें 60 मिनट का विंडो और स्थान की जानकारी देनी होती है जहां वे टेस्ट के लिये उपलब्ध होंगे। ऐसा नहीं करने को वाडा के ठिकाने के प्रावधान का उल्लंघन माना जाएगा। बारह महीने में तीन बार ऐसा करने में नाकाम रहने को डोपिंग नियम का उल्लंघन माना जाता है और दो साल तक का निलंबन हो सकता है जिसे घटाकर एक साल तक किया जा सकता है। परवीन के वकील विदुष्पत सिंघानिया ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी के संपर्क में हैं और निलंबन हटवाने या कम करने का प्रयास कर रहे हैं।



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं नजूल वृत्त-2 गोविन्दपुरा, भोपाल**

प्रकरण क्र. 0036/अ-6/2024-25

**आम सूचना**

आवेदक-आशीष मोथला आ. स्व. श्री मांगीलाल मोथला निवासी-170, ओल्ड बस स्टेण्ड सीहोर म.प्र. द्वारा ग्राम रासलाखेडी स्थित भूमि खसरा क्रमांक. 32/282/32/1/1, 32/282/32/1/2, 34/2 के अंशभाग में से रकवा 93.66 वर्गमीटर भूमि पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने की दिनांक से 15 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में अपत्ति प्रस्तुत ना करने की दशा में या बाद में की गयी आपत्ति पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा। उदघोषणा न्यायालय की मुद्रा में मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया है।

508 सील **अति. तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा, भोपाल**

**IN THE COURT OF III ADDITIONAL JUDGE TO THE COURT OF I ADDITIONAL DISTRICT AND SESSION JUDGE BHOPAL (MP)**

**PERSIDENT OFFICER: Shri Ajay Neel Karothiya**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 7 एवं धारा 29 संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890

प्र.क्र.MIC-GW12/2024

नीतू सिंह-**आवेदक**,**विरूद्ध**-सर्वसाधारण- **अनावेदक**

**प्रोसस आई डी-**

**पेशी दिनांक 26.07.2024**

**प्रेषित**- 1. सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीतू सिंह पत्नी स्व. श्री धीरेन्द्र कुमार आयु 38 वर्ष निवासी बी 36, राजवेद कॉलोनी निर्मलादेवी मार्ग, कोलार हुजूर भोपाल द्वारा इस न्यायालय में उनके पति की संपत्ती भूखण्ड क्रमांक 36 बी 1200 वर्गफिट भूतल का निर्मित क्षेत्रफल 1100 खसरा क्रमांक 79 का अंश भाग राजवेद गृह निर्माण सहकारी समिति मार्यादित ग्राम अकबरपुर जिला भोपाल को दोनों अवयस्क पुत्रों अथर्व व आरव की माता होने के नाते संरक्षिका घोषित की जाकर उक्त दोनों पुत्रों के हिस्से की संपत्ति मकान विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 26.07.2024 है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में किसी प्रकार का कोई हित है अथवा आपत्ति है तो पेशी दिनांक 26.07.2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे। तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। आज दिनांक 15.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर से ओर इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

509 सील **अजय नील करोठिया न्यायाधीश, प्रथम जिला न्यायाधीश के तृतीय अति.जिला न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त-02, ईटखेड़ी सड़क तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.)**

क्रमांक/क्यू/रा.नि.वृत्त-02/हुजूर/भोपाल

दिनांक.... 2024

**सीमांकन बाबत सूचना पत्र**

1. श्री धनसिंह मीना पिता गोपीलाल निवासी-ग्राम परेवाखेड़ा तहसील हुजूर, भोपाल। 2. श्री फूलसिंह मीना पिता गोपीलाल निवासी-ग्राम परेवाखेड़ा तहसील हुजूर, भोपाल। 3. श्री भगवतसिंह मीना पिता रामसिंह निवासी-ग्राम परेवाखेड़ा तहसील हुजूर, भोपाल। 4. श्री संजय सिंह पिता जी.एन. सिंह निवासी-310/2-ए साकेत नगर भोपाल। 5. श्री शिवदत्त शुक्ला पिता सुन्दरलाल शुक्ला निवासी-बंगला नं.-4, पीसीएमएस केम्पस, भानपुर, भोपाल। 6. श्री जयंती शुक्ला एवं वैभव शुक्ला पुत्रगण शिवदत्त शुक्ला निवासीगण-4, डॉ. बंगला ईदगाह हिल्स भोपाल। उपरोक्त आपको सूचित किया जाता है कि न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार महोदय वृत्त-01, तहसील हुजूर जिला भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 1172/अ-12/2023-24 दिनांक 18.03.2024 के पालन में आवेदिका श्रीमति अतिया अंसारी पत्नी रेहना अंसारी निवासी-426, बीडीए कालोनी, कोहेफिजा भोपाल की ग्राम परेवाखेड़ा पटवारी हल्का क्रमांक 17 तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा 228/2, 229/1 रकबा क्रमशः 0.5100 हेक्टेयर व 0.7000 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन दिनांक 28/5/24 को सुबह/दोपहर 12.00 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। पड़ोसी कृषक होने के नाते आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त सीमांकन स्थल पर उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य स्थगित नहीं किया जावेगा। अति आवश्यक शासकीय कार्य आने के कारण सीमांकन तिथि बढ़ाई जा सकेगी।

510 **राजस्व निरीक्षक, वृत्त-02, ईटखेड़ी सड़क तहसील-हुजूर, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 5220/अ-6/2023-24

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रंजीता गजभीये पत्नी गौरव कुमार गजभीये निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम दीपडी प.ह.न. स्थित भूमि खसरा नंबर 2-3-4/5/1/1/1/1, 2-3-4/5/1/1/1/2, 9/3/1/1/2 व अन्य का अंश, ई-22 क्षेत्रफल 91.24 वर्गमीटर का फौती नामांतरण/नामांतरण विक्रय पत्र के आधार राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 21/05/2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 13/05/2024 को जारी किया गया।

511 सील **तहसीलदार तहसील कोलार, जिला-भोपाल**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मिसरोद तहसील कोलार भोपाल**

भोपाल, दिनांक 11/05/24

**सूचना पत्र**

**प्रति,** अर्पूर्वा चौरसिया पुत्री राजेंद्र चौरसिया नि. भोपाल, यूजूष दयाल सक्सेना आ. केसव दयाल सक्सेना व ऋषभ दयाल नि. भोपाल, श्रीमती किरण प्रसाद पत्नी रामभूषण प्रसाद भोपाल, ऊषा भंडारी पत्नी विक्रमजीत भंडारी रूचि पाहुजा नि. कोलार, राजेश बुलचन्दानी आ. नारायण दास नि. बैरागढ़, सजील अहमद आ. के.आई. अहमद नि. भोपाल, श्रीमती प्राची तनवानी पत्नी विजय तनवानी नि. कोलार समस्त हितबद्ध पक्षकार एवं सर्वसाधारण भूमि स्वामीगण। **विषय**- नक्शे में बटान किए जाने बाबत। उपयुक्त विषयांतर्गत संबंध में न्यायालय तहसीलदार/वृत्त नजूल राजधानी द्वारा आदेश क्र.10/अ-3/24-25 भोपाल दि. के अनुसार मुझे आवेदक बलवीर सिंह राठौर आ. बृजेन्द्र सिंह राठौर एवं अलंकृत सिंह राठौर भोपाल, की भूमि खसरा नं. 436/10 रकबा 0.105 हे. स्थित ग्राम बागमुगालिया रा.नि.वृत्त तहसील कोलार जिला भोपाल का नक्शे में बटान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश प्रदान किए गए हैं अतः उक्त आदेश के पालन में मेरे द्वारा दिनांक 18.05.24 को समय 11.00 बजे से नक्शे में बटान हेतु भूमि का नाप एवं स्थल निरीक्षण किया जाना निश्चित किया गया है। आपको पड़ोसी कृषक होने के कारण सूचित किया जाता है कि आप भी नक्शे में बटान हेतु भूमि के नाम एवं स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते हैं। आपकी अनुपस्थिति की दशा में नक्शे में बटान की कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी।

512 **राजस्व निरीक्षक, बागमुगालिया लहारपुर तहसील कोलार, भोपाल**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त-04 बावड़ियाकलां तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.**

क्रं.04/रा.नि./2024 भोपाल, दि.14.05.2024

**सूचना-पत्र**

**प्रति,** 1. कु. निशी गिरी पत्नी अमरे गिरवला सा. देह भूमिखाली, 2. मनीष आ. सुरेश सा. देह, भोपाल,3. डॉ. अरूण कुमार आ. आर.डी. मिश्रा, सा. देह. भोपाल, 4. श्रीमती इन्दूबाई पत्नी एम.के. पाटिल नि. 201ए पुराना अशोका गार्डन, 5. श्री कैलाश आ. हरिप्रसाद पाटीदार सा.देह, बावड़ियाकलां, 6. श्री कैलाश आ. जीतमल पाटीदार नि. बावड़ियाकलां समस्त पड़ोसियों को सूचनार्थ। विषय- बटान किये जाने हेतू बाबत् सूचना पत्र। आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक/अ-3/2023-24 में आवेदक श्री अनूप कुमार शर्मा आ. श्री एन.के. शर्मा नि. ई-1/77 अरेरा कालोनी द्वारा ग्राम बावड़िया कला प.ह.नं.-18.रा.नि.मं-04 तहसील-कोलार, जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 316/1/1/5, रकबा 0.129.0 हेक्टर कुल रकबा 0.1290 हेक्टेयर का राजस्व अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में राजस्व अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज करने की कार्यवाही का स्थल का सीमांकन कर नक्शा बटांन, पंचनामा, सूचना-पत्र के प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः उपरोक्त कार्यवाही दिनांक 23/05/202 को आवेदित स्थल पर समय शाम 4:00 बजे की जायेगी। जिसके संबंध में पत्र जारी किया गया। सूचना-पत्र सूचना प्राप्ति के हस्ताक्षर करे।

513 **राजस्व निरीक्षक तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**आम सूचना**

कृषि उपज मण्डी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस. 60 मण्डल द्वारा श्री देवेन्द्र सिंगरोली आत्मज श्री लखनलाल सिंगरोली के नाम भाड़ा क्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 12380-84 दिनांक 28/11/2000 द्वारा आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06/08/2001 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। श्री देवेन्द्र सिंगरोली आत्मज श्री लखनलाल सिंगरोली द्वारा भूखण्ड का दान पत्र दिनांक 31/03/2023 को श्री ललितराम सिंगरोली आत्मज श्री लखनलाल सिंगरोली के नाम पर पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत कराया गया है। उक्त संपत्ति श्री ललितराम सिंगरोली आत्मज श्री लखनलाल सिंगरौली के नाम पर हस्तान्तरण हेतु आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, दान पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत किये है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति श्री ललितराम सिंगरोली आत्मज श्री लखनलाल सिंगरोली के नाम हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

514 **संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**आम सूचना**

लहारपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक एल.आई.जी.-II 159 मण्डल द्वारा श्री विजय सिंह राजपूत आत्मज श्री भैरों सिंह राजपूत एवं श्रीमती दिव्या राजपूत पत्नी श्री विजय सिंह राजपूत के संयुक्त नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 819-825 दिनांक 27/04/2019 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/02/2019 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती सीमा सिंह पत्नी श्री दिनेश पाल सिंह चौहान एवं श्री दिनेश पाल सिंह चौहान आत्मज श्री ब्रजभान सिंह चौहान के संयुक्त नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 28/03/2024 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती सीमा सिंह पत्नी श्री दिनेश पाल सिंह चौहान एवं श्री दिनेश पाल सिंह चौहान आत्मज श्री ब्रजभान सिंह चौहान के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

515 **संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, भोपाल**